
सेवा, दक्षता एवं पराक्रम

झंडा दिवस, 23 नवम्बर

मुद्रक : प्रकाश पैकेजर्स, लखनऊ

# पुलिस झण्डा दिवस
## 2023





**विजय कुमार**
आई.पी.एस.

## पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

पुलिस मुख्यालय (सिग्नेचर बिल्डिंग)
गोमती नगर विस्तार, लखनऊ

# सन्देश

प्रिय साथियों,

आप सभी अवगत हैं कि 23 नवम्बर, 1952 को तत्कालीन माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा पुलिस कार्य के सभी क्षेत्रों में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस ध्वज प्रदान किया गया है। यह सम्मान प्राप्त करने वाला उत्तर प्रदेश, देश का प्रथम **'राज्य पुलिस बल'** है, जिसे उसके अप्रतिम योगदान के फलस्वरूप **'पुलिस कलर'** अर्थात पुलिस ध्वज प्रदान किया गया है, जो हम सबके लिए गर्व का विषय है।

उत्तर प्रदेश पुलिस के लिये यह ऐतिहासिक महत्व का दिन है। शक्ति एवं निष्ठा के प्रतीक, लाल एवं नीले रंग के ध्वज ने उत्तर प्रदेश पुलिस को एक गौरवमयी पहचान दी है। पुलिस विभाग के प्रति निष्ठावान हमारे वीर साथियों की अहर्निश जन–सेवा, कर्तव्यपरायणता, पराक्रम, शौर्य तथा आत्म बलिदान की अनगिनत गाथाओं के बाद पुलिस ध्वज प्राप्ति की इस गौरवमयी उपलब्धि का मार्ग प्रशस्त हो सका। पुलिस ध्वज के फहराने और उसके प्रति सम्मान प्रदर्शित करते समय हमें आत्माभिमान की अनुभूति होती है और हम सभी में कर्तव्यनिष्ठा की नई उर्जा संचरित होती है, **जो हमें नये जोश और उत्साह के साथ कर्तव्यपालन के लिए प्रेरित करती है।** इतिहास गवाह है कि ध्वज पताका की प्रेरणा से **'धर्म की अधर्म पर विजय'** अविस्मरणीय रही है।

**माननीय मुख्यमंत्री जी** के मार्गदर्शन में प्रदेश भर में **आपरेशन कन्विक्शन** के तहत जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए पुलिस एवं अभियोजन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से न्यायालय में प्रभावी पैरवी कराकर न्यूनतम समय में कठोर सजा दिलायी जा रही है।

**सेफ सिटी परियोजना** को मूर्तरूप देने के लिये प्रदेश भर में **ऑपरेशन त्रिनेत्र** प्रारम्भ किया गया। प्रदेश की महिलाओं, बालिकाओं, बुजुर्गों, बच्चों एवं दिव्यांगजनों को सुरक्षा प्रदान करने हेतु महत्वपूर्ण चौराहों, तिराहों, संवेदनशील स्थानों, हॉटस्पॉट, बैंक, स्कूल, कॉलेज, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, धार्मिक स्थल, मोबाइल टॉवर, पेट्रोल पम्प, होटल, ढाबा आदि स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे अधिष्ठापन की कार्यवाही की जा रही है। जिसके सार्थक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापन से अपराधों में कमी होगी साथ ही अपराधों के शीघ्र अनावरण में मदद होगी।

**माननीय मुख्यमंत्री जी** के मार्गदर्शन में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे **'मिशन–शक्ति'** अभियान के अन्तर्गत् एण्टी रोमियो स्क्वॉड को और सक्रिय करते हुये प्रत्येक थाने पर महिला बीट अधिकारी व परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम थानों पर 'महिला साइबर क्राइम हेल्पडेस्क' स्थापित किये गये हैं। महिला सशक्तीकरण की दिशा में **पी0ए0सी0 महिला पुलिस बटालियनों** की स्थापना की गयी है। प्रत्येक जनपद में महिला थाना के अतिरिक्त एक अन्य थाने पर **महिला थाना प्रभारी** की नियुक्ति की गयी है। कमिश्नरेट लखनऊ में महिलाओं की सुविधा हेतु 100 पिंक बूथ की स्थापना की गयी है।

प्रदेश के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों आदि की अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था हेतु उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (SSF), दैवीय तथा अन्य आपदाओं में राहत पहुंचाने के लिये राज्य आपदा मोचन बल (SDRF), मादक पदार्थों के अवैध व्यापार की रोकथाम हेतु एण्टी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स (ANTF) के गठन के साथ–साथ भ्रष्टाचार के विरूद्व **'जीरो टॉलरेंस नीति'** के तहत प्रदेश में भ्रष्टाचार निवारण संगठन (ACO) की 18 शाखायें क्रियाशील हैं।

वर्तमान में 18 परिक्षेत्रीय मुख्यालयों पर साइबर क्राइम थानों की स्थापना की गयी है एवं 57 जनपदीय मुख्यालयों पर साइबर क्राइम थानों की स्थापना से संबंधित कार्यवाही प्रचलित है। साइबर जागरूकता कैम्पेन व प्रशिक्षण कार्यक्रम को विभिन्न चरणों में चलाया जा रहा है।

**माननीय मुख्यमंत्री जी** के अमूल्य निर्देशन में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु परिक्षेत्रीय स्तर पर 18 साइबर क्राइम थानों की स्थापना की गयी है तथा 57 जनपदीय मुख्यालयों पर साइबर क्राइम थानों की स्थापना की कार्यवाही की जा रही है। विवेचनाओं की गुणवत्ता में वृद्धि लाने एवं आधुनिकतम तकनीक से दक्ष वैज्ञानिकों को तैयार करने के उद्देश्य से **'उ0प्र0 राज्य फॉरेन्सिक विज्ञान संस्थान'** की स्थापना लखनऊ में की गयी है। इस संस्था में छात्र व छात्राओं द्वारा बड़ी संख्या में अत्यंत उत्साह के साथ प्रवेश लेकर फॉरेन्सिक विज्ञान की शिक्षा ग्रहण की जा रही है।

**UP 112** की सेवा के माध्यम से पुलिस की गतिशीलता, रिस्पांस टाईम में सुधार तथा फुट पेट्रोलिंग के जरिये पुलिस की बढ़ती विजिबिलिटी ने अपराध नियंत्रण के साथ ही जनसंवाद को बढ़ाया है। **UP 112** सेवा को वीमेन पावर लाइन 1090, जी0आर0पी0, फायर सर्विस, महिला हेल्पलाइन 181 सेवा, एम्बुलेंस सेवा 108 व उ0प्र0 राज्य परिवहन हेल्पलाइन के साथ एकीकृत किया गया है।

निष्पक्ष कार्य करने की स्वतंत्रता एवं संस्थागत सुधारों ने पुलिस के मनोबल में अभूतपूर्व वृद्धि की है। इन सब उपायों के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश में समस्त जघन्य अपराधों की अपराध–दर में उल्लेखनीय कमी आयी है।

अन्त में पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर आप सभी को पुनः हार्दिक शुभकामनायें देते हुए मैं अपेक्षा करता हूँ कि आप सभी इस गौरवशाली अतीत की गरिमामयी उपलब्धि का सम्मान बनाये रखेंगे और अपनी संवेदनशील व शौर्यपूर्ण कर्तव्यनिष्ठा एवं उच्चस्तर की व्यावसायिक दक्षता से ऐसे अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते रहेंगे, जिससे उत्तर प्रदेश पुलिस के स्वर्णिम इतिहास में नित नये आयाम स्थापित होते रहें।

जय हिन्द!

16/11

**(विजय कुमार)**
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश